# University in News on 07 May 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### लविवि : विभागाध्यक्षों का दावा

# 80 से 90 फीसदी पाठ्यक्रम कराया पूरा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों ने 80 से 90 फीसदी पाठ्यक्रम पूरे होने का दावा किया है। विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभागाध्यक्षों ने यह जानकारी दी है। बैठक में कुलपति ने लॉकडाउन खुलने के 15 से 20 दिन के बाद ही परीक्षा कराने की बात कही है। विवि में बुधवार को सभी विभागाध्यक्ष और संस्थानों के निदेशकों की ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें परीक्षा को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विभागाध्यक्षों ने अपने यहां का पाठ्यक्रम 80 से 90 फीसदी पूरा करने का दावा किया है। प्रैक्टिकल भी करीब 60 फीसदी हो चुके हैं। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रारंभ होने के समय से परीक्षा प्रारंभ करने के बीच में लगभग 15-20 दिनों का समय रहेगा, जिसमें समस्त विषयों के पाठ्यक्रम को पूर्ण कराया जाएगा और छात्रों की विभिन्न समस्याओं को निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद परीक्षा कार्य संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसे आठ मई तक अपना प्रस्ताव कुलपति को देना है। कमेटी में संकाय अध्यक्ष (कला) प्रो. बीके शुक्ल, संकाय अध्यक्ष (शिक्षा) प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, संकाय अध्यक्ष (विधि) प्रो. सीपी सिंह, डीन (अकादमिक सेल) प्रो. अरविंद मोहन, डीन कॉमर्स प्रो. सोमेश शुक्ला, डीन (फाइनेंस) डॉ. आलोक कुमार तथा रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. नवीन खरे शामिल हैं।



**परीक्षा संचालन के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन**

### 20 मई तक भरे जा सकेंगे लविवि के परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म अब 20 मई तक बिना विलंब शुल्क के भरे जा सकेंगे। लॉकडाउन बढ़ने की वजह से विवि प्रशासन ने एक बार फिर से सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा की ओर से जारी आदेश में ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सभी विद्यार्थियों की नैड आईडी अनिवार्य की गई है। नैड आईडी बनाने के लिए विवि की वेबसाइट पर लिंक दिया गया है। परीक्षा फॉर्म भरने के बाद विद्यार्थियों को उसका प्रिंट आउट संबंधित कॉलेज में जमा कराना होगा। कॉलेज प्राचार्य भरे हुए परीक्षा फॉर्म के प्रिंट आउट और फीस 23 मई तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को उपलब्ध कराने होंगे।

### लविवि : प्रो. नलिनी पांडेय बनीं चीफ प्रोवोस्ट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रशासनिक फेरबदल किया गया। कुलपति के निर्देश पर प्रो. नलिनी पांडेय को नया चीफ प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया। वहीं, पूर्व चीफ प्रोवोस्ट प्रो. मनुका खन्ना को डीन रिक्रूटमेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा शासन स्तर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा का ट्रांसफर आदेश जारी किया गया। उन्हें आगरा विवि का कुलसचिव बनाया गया है। हालांकि परीक्षा नियंत्रक को अभी तक पद से रिलीव नहीं किया गया है। परीक्षा नियंत्रक का स्थानांतरण करके उनके स्थान पर अभी नई नियुक्ति नहीं की गई है।

## PIONEER Page 3

### लविवि में परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने लॉकडाउन को देखते हुए परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने की तिथि 20 मई तक बढ़ा दी है। एलयू ने लगातार चौथी बार परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई है। इससे पहले परीक्षा फार्म भरने की तिथि छह मई को समाप्त हो रही थी लेकिन लॉकडाउन थर्ड शुरू होने के बाद एलयू प्रशासन ने ये निर्णय लिया है। अब स्टूडेंट 20 मई तक अपना परीक्षा फार्म भरेंगे और 23 मई तक सभी सम्बद्ध कॉलेजों को परीक्षा फार्म एटेस्ट करके एलयू के परीक्षा नियंत्रक विभाग में जमा करना होगा।

### प्रो. नालनी पाण्डेय बनी चीफप्रवोस्ट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बुधवार को वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. नालनी पाण्डेय को चीफप्रवोस्ट नियुक्त किया है। इससे पहले जन्तु विज्ञान विभाग की प्रो. मनुका खन्ना चीफप्रवोस्ट के पद पर कार्यरत थी।

## HINDUSTAN Page 4

# लखनऊ विश्वविद्यालय का परीक्षा पैटर्न बदलेगा

**परिवर्तन**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

कोरोना के मद्देनजर लविवि ने परीक्षा के पैटर्न में बदलाव करने का फैसला लिया है। विवि में बुधवार को वेबनार स बैठक में यह फैसला लिया गया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संस्थानों के निदेशक आदि मौजूद रहे। लॉकडाउन खुलने के बाद परीक्षाएं कब होंगी, कैसे होंगी, इस पर विस्तार से एक प्रस्ताव बनाने के लिए लविवि ने एक समिति का गठन किया गया है। समिति में कला संकायाध्यक्ष प्रो. बीके शुक्ला, शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, विधि संकायाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह, डीन एकेडमिक सेल प्रो. अरविन्द मोहन, डीन वाणिज्य प्रो. सोमेश शुक्ल, डॉ. आलोक कुमार आदि शामिल हैं।

### कोरोना वायरस पर शोध करेगा लविवि

लखनऊ। लविवि ने कोरोना संक्रमण से लेकर उससे होने वाले आर्थिक नुकसान तक पर शोध करने का फैसला लिया है। कोरोना से होने वाले संक्रमण पर शोध के लिए बाकायदा एक संस्थान स्थापित किया जाएगा। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है।

शोध के लिए पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ मिलकर काम होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अर्थशास्त्र के प्रो. अरविंद मोहन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## THE PIONEER Page 3

# LU forms panel for conduct of exams

Lucknow (PNS): The Vice-Chancellor of Lucknow University on Wednesday constituted a committee for smooth conduct of the examinations. A meeting under the chairmanship of LU VC AK Rai was held through video-conferencing.

All deans of faculties, heads of departments attended the meeting and apprised the VC about the progress of courses. Media spokesperson said it was also decided that from the end of lockdown and initiation of public transport to the time between the start of examinations, there would be about 15-20 days of time in which the syllabus of all the subjects would be completed and various course-related problems of the students could be resolved.